पुस्तकालय

2497
6/3/06

असंशोधित

2 MAR 2006

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 2–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर रहित)

बि० स० मु० (एल० ए०) 220--मोनो--1,000--8-6-2004

## शून्यकाल

अध्यक्षः अब शून्यकाल लिये जायेंगे ।

माननीय सदस्य, श्री लालबाबू राय ।

( व्यवधान )

श्री लालबाबू रायः सारण जिला बी०पी०एल० सूची त्रुटिपूर्ण है । गरीबों का नाम नहीं जोड़ा गया है जिससे गरीब निराश एवं आक्रोशित हैं । सूची में नाम नहीं होने के कारण गरीब सरकारी लाभ से वंचित रह जायेंगे ।

अतः सारण जिला बी०पी०एल० सूची को शुद्धिकरण कर प्रकाशित किया जाय ।

( व्यवधान )

(व्यवधान)

श्री तारकिशोर प्रसाद : महोदय, कटिहार जिलांतर्गत हसनगंज द्वासय पथ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मात्र दो किलोमीटर सड़क का निर्माण हुआ है । संवेदक एन०बी०सी०सी० द्वारा अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है जिससे इस महत्वपूर्ण सड़क पर यातायात बाधित है । अतः निर्माण कार्य तुरंत प्रारंभ कराया जाय ।

(व्यवधान)

अध्यक्ष : श्री लक्ष्मीनारायण यादव (नहीं पढ़ा गया), डा० इजहार अहमद (नहीं पढ़ा गया)

(इस अवसर पर कुछ कहते हुए राजद,सी०पी०एम०,सी०पी०आई०,माले के मा० सदस्यगण सभा वेश्म में चले आये)

श्री राम विनोद पासवान (नहीं पढ़ा गया), श्री रामचंद्र सिंह यादव (नहीं पढ़ा गया) श्री अनिल चौधरी (नहीं पढ़ा गया), श्री जवाहर प्रसाद ।

श्री जवाहर प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, रोहतास जिला अन्तर्गत सासाराम विधान सभा क्षेत्र में दस दिनों से बिजली नहीं रहने के कारण गेहूं की फसल मर रही है । किसानों में हाहाकार मचा हुआ है । सासाराम नगर में पानी के लिये तरस रहे हैं ।

सरकार से आग्रह करता हूं कि तत्काल बिजली की व्यवस्था की जाय ।

(व्यवधान)

अध्यक्ष : श्री देवनाथ यादव (नहीं पढ़ा गया), श्री ललित कुमार यादव (नहीं पढ़ा गया), श्री महेश्वर हजारी (नहीं पढ़ा गया ) । श्री विश्वमोहन भारती ।

श्री विश्वमोहन भारती : अध्यक्ष महोदय,सुपौल जिला के छातापुर, लालपुर,जदिया बाजार में ट्रांस्फार्मर जल जाने से विद्युत आपूर्ति बन्द है तथा सोहढा गिरधरपट्टी पाण्डेपट्टी के लिये विद्युत सामग्रियों का उठाव ठीकेदार द्वारा विगत वर्ष कर लिया गया है ।

अतः नया ट्रांस्फार्मर लगाने तथ ठीकेदार से अग्रतर कार्य करवाने हेतु सरकार से मांग करता हूं ।

(व्यवधान)

अध्यक्ष : कोई भी बात न तो प्रोसीडिंग में जायेगी, न मीडिया में जायेगी । पहले ही मैं बता चुका हूं कि जो भी नियम के विपरीत बात की जा रही है उससे संबंधित कोई बात न तो प्रोसीडिंग में जायेगी न अखबारों और पत्र पत्रिकाओं में कहीं जायेगी ।

(व्यवधान

(व्यवधान)

अध्यक्षः- माननीय सदस्य श्री शिवजी राय जी,आप अपना शून्यकाल को पढ़िये ।

श्री शिवजी रायः- अध्यक्ष महोदय,पूर्वी चंपारण के मधुबन प्रखंड बाजार जिसकी आबादी दस हजार है,लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण का बोरिंग सप्लाई पानी है जो अपर्याप्त है । उससे पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं हो पाती है,जिस कारण से जनजीवन अस्त-व्यस्त है ।

अतःहम सरकार से मांग करते हैं कि एक पानी टंकी का निर्माण कर जलापूर्ति की जाए ।

.....

अध्यक्षः- माननीय सदस्य श्री रामदेव राय जी ।

(इस अवसर पर मा०सदस्य श्री रामदेव राय अनुपस्थित)

अध्यक्षः- माननीय सदस्या श्रीमती आशा देवी,आप अपना शून्यकाल को पढ़िये ।

श्रीमती आशा देवीः- अध्यक्ष महोदय,भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चार डाक्टरों के पद स्वीकृत हैं । दो ही डॉक्टर कार्यरत हैं और ये भी हमेशा सुलभ नहीं रहते । इस क्षेत्र के मरीज खासकर महिलायें घोर दिक्कत में हैं । यहाँ एक लेडी डाक्टर सहित खाली पदों को शीघ्र भरा जाय ।

अध्यक्षः- अब शून्यकाल समाप्त हुआ । अब ध्यानाकर्षण लिये जायेंगे ।